पीटीसी चैनल में शैक्षिक भ्रमण

श्री गुरुनानक देव खालसा कॉलेज में हिन्दी पत्रकारिता एवं जनसंचार के छात्रों को शैक्षिक दौरे के लिए पीटीसी चैनल ले जाया गया। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को चैनल की तकनीकी पक्ष की जानकारी देने का था। छात्रों का दौरा इनपुट डेस्क से शुरू हुआ तथा वहाँ कार्यरत सभी कर्मचारियों से परिचय कराया गया। इनपुट डेस्क हेड हरप्रीत सिंह ने छात्रों का बड़ी गर्म जोशी से स्वागत किया तथा पूरे चैनल के ढांचे की विस्तृत रूप से जानकारी दी।

दौरे की शुरुआत में इनपुट डेस्क पर खबर किस प्रकार आती है, उसको किस दृष्टिकोण से देखा जाता है तथा किस प्रकार अन्य चैनलों को मॉनीटर किया जाता है यह समझाया गया। खबर के अनेक पहलुओं को विचार-विमर्श करते हुए उसे जनहित कैसे बनाया जाये इस बात पर हरप्रीत सिंह ने छात्रों से बातचीत की। इनपुट डेस्क से होता हुआ दौरा पीसीआर रूम तक पहुंचा। वहां सर्वर किस प्रकार रन डाउन करता है तथा स्विचिंग, फोन इन तकनीकें, एंकर को किस प्रकार निर्देश दिए जाते हैं इसकी जानकारी दी गई। पीसीआर, एमसीआर से होते हुए यह दौरा स्टूडिओ तक पहुंचा जहां एंकर से मुलाक़ात की गई तथा उन्होंने छात्रों के सवालों का जवाब दिया।

छात्रों को इस ओर प्रोत्साहित करने के लिए चैनल हेड परवेज़ सिद्दकी ने उनसे सीधी बात की। पीटीसी चैनल किस प्रकार विदेशों तक में लोकप्रिय होता जा रहा है यह बताते हुए उन्होंने छात्र-छात्राओं को ट्रेनिंग के लिए मौका भी दिया।

इस भ्रमण के अंत में छात्रों ने चैनल के कर्मचारियों तथा साथ गए शिक्षकगण डॉ. हरनेक सिंह गिल, डॉ रेनू दुग्गल, डॉ अंजु बाला व महेंद्र प्रताप सिंह का आभार व्यक्त किया।

JAZZ STUDIO
78, OKHLA IND. ESTATE
PHASE-III, N.DELHI-20

FIRST